# Department of Mathematics
# Events Report (Academic Year 2024–25)

## ❖ WORKSHOP ON **“REAL LIFE APPLICATIONS OF MATHEMATICS”**

**Date**: November 13, 2024

**Speaker**: Dr. Ashish Bansal, Associate Professor, Department of Mathematics, Keshav Mahavidyalaya, University of Delhi.

To emphasize the significance of mathematics in real-world contexts, a workshop titled “**Real Life Applications of Mathematics**” was organized. The session aimed to explore the role of mathematics in diverse fields such as cryptography, cybersecurity, and data analysis. **Dr. Bansal’s** engaging presentation, complemented by case studies and interactive discussions, helped students understand how mathematics connects with real-life challenges and technological advancements. Over 100 students attended the event, gaining practical knowledge and inspiration to explore applied mathematics further.

---

## ❖ WORKSHOP ON RESEARCH METHODOLOGY

**Date**: March 20, 2025

**Speaker**: Dr. Ranjana Jain, Associate Professor, Department of Mathematics, University of Delhi

A workshop on “**Research Methodology**” was conducted to familiarize undergraduate students with the essentials of research in mathematics. **Dr. Ranjana Jain** guided participants on research ethics, the importance of literature surveys, and ways to avoid plagiarism. She also discussed potential research topics suitable for undergraduate students and shared examples of ongoing research projects. The workshop encouraged students to adopt a research-oriented mindset and maintain academic integrity in their scholarly pursuits.

---

## ❖ INAUGURATION OF ANANT – THE RESEARCH CELL

**Date**: March 20, 2025

The Department of Mathematics inaugurated **Anant – The Research Cell** with the vision of fostering a research-driven environment among students. This initiative provides a collaborative platform for students and faculty to engage in innovative mathematical projects, academic discussions, and interdisciplinary research. Through Anant, the department aims to nurture analytical reasoning, critical thinking, and curiosity-driven learning, thereby strengthening the research culture within the department.

---

## ❖ STRATEGIC CAREER GUIDANCE 2.0

**Date**: March 28, 2025

**Speakers**: Mr. Dhruv Goyal – Founder, Tricore Revenue
Ms. Sanya Jain – Scholar and Motivational Speaker

An interactive session titled "**Strategic Career Guidance 2.0**" was held to help undergraduate students explore career opportunities and make informed choices for their professional journey. **Ms. Sanya Jain** shared her experiences regarding CUET PG and other competitive examinations, emphasizing dedication and balance during college life. **Mr. Dhruv Goyal** inspired students through his entrepreneurial journey and insights on leadership, innovation, and skill development. The session concluded with an engaging Q&A round, leaving students motivated to plan their careers thoughtfully and effectively.

---

## ❖ DEPARTMENT MAGAZINE – "CONTINUUM 2025"

**Released on**: April 11, 2025

The Department of Mathematics proudly released its annual magazine "**Continuum 2025**". The magazine serves as a creative and intellectual platform for students and faculty to showcase their passion for mathematics through articles, puzzles, poems, and event reports. It reflects the vibrant academic spirit of the department and celebrates both scholarly and artistic excellence.

Continuum 2025 includes thought provoking write-ups exploring mathematical concepts, real-life applications, and interdisciplinary connections. The magazine stands as a testament to the collaborative efforts of the editorial team, faculty mentors, and contributors who made this edition a success.

---

## ❖ ANNUAL MATHEMATICS FEST – "MODULUS'25"

**Date**: April 11, 2025

The Department of Mathematics successfully organized its annual fest **MODULUS'25** under the guidance of faculty members and with the enthusiastic participation of students from various disciplines. The fest aimed to blend mathematical thinking with creativity, fun, and teamwork, providing students an engaging platform to explore the lighter and applied side of mathematics.

The event featured five exciting games and competitions. Each activity was designed to test participants' logical reasoning, problem-solving, communication, and strategic skills in a playful yet intellectually stimulating manner.

- **Quiz Buckers** tested participants' mathematical and general knowledge through interactive quiz rounds.
- **IPL Auction** allowed students to experience strategy and data analysis in a sports-based setup.
- **Shark Tank** encouraged entrepreneurial thinking, where participants pitched innovative mathematical ideas.
- **Treasure Hunt** combined puzzles and teamwork in a thrilling search challenge.

• **Quantum Draw** blended art and mathematics through creative design.

## गणित विभाग

## कार्यक्रम प्रतिवेदन (शैक्षणिक वर्ष 2024-25)

- **कार्यशाला –** "गणित के वास्तविक जीवन में अनुप्रयोग"

**तिथि:** 13 नवम्बर, 2024

**वक्ता :** डॉ. आशीष बंसल, एसोसिएट प्रोफेसर, गणित विभाग, केशव महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय

वास्तविक जीवन में गणित के महत्व पर प्रकाश डालने के उद्देश्य से **"गणित के वास्तविक जीवन में अनुप्रयोग"** विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस सत्र का उद्देश्य गणित की भूमिका को विभिन्न क्षेत्रों जैसे क्रिप्टोग्राफी, साइबर सुरक्षा और डेटा विश्लेषण में समझना था। **डॉ. बंसल** के रोचक प्रस्तुतीकरण, केस स्टडीज और संवादात्मक चर्चाओं के माध्यम से छात्रों ने यह जाना कि गणित किस प्रकार वास्तविक जीवन की चुनौतियों और तकनीकी प्रगति से जुड़ा हुआ है। इस कार्यशाला में 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और अनुप्रयुक्त गणित के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त की।

- **कार्यशाला** – "शोध पद्धति"

**तिथि**: 20 मार्च, 2025

**वक्ता:** डॉ. रंजना जैन, एसोसिएट प्रोफेसर, गणित विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

"शोध पद्धति" पर एक कार्यशाला आयोजित की गई ताकि स्नातक छात्रों को गणितीय शोध की मूलभूत जानकारी दी जा सके। **डॉ. रंजना जैन** ने प्रतिभागियों को शोध नैतिकता, साहित्य सर्वेक्षण के महत्व और साहित्यिक चोरी से बचने के उपायों के बारे में बताया। उन्होंने स्नातक छात्रों के लिए उपयुक्त संभावित शोध विषयों पर भी चर्चा की और चल रहे शोध प्रोजेक्ट्स के उदाहरण साझा किए। इस कार्यशाला ने छात्रों को शोध-उन्मुख दृष्टिकोण अपनाने और अपने शैक्षणिक कार्यों में ईमानदारी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

- **अनंत – द रिसर्च सेल" का उद्घाटन**

**तिथि:** 20 मार्च, 2025

गणित विभाग ने **"अनंत – द रिसर्च सेल"** का उद्घाटन किया जिसका उद्देश्य छात्रों के बीच शोध-आधारित वातावरण को बढ़ावा देना है। यह पहल छात्रों और शिक्षकों को एक सहयोगात्मक मंच प्रदान करती है जहाँ वे नवीन गणितीय परियोजनाओं, शैक्षणिक चर्चाओं और अंतर्विषयक शोध में भाग ले सकते हैं। "अनंत" के माध्यम से विभाग का लक्ष्य विश्लेषणात्मक तर्क, आलोचनात्मक सोच और जिज्ञासा-आधारित अधिगम को प्रोत्साहित करना है, जिससे विभाग में शोध संस्कृति को और मजबूत किया जा सके।

- **स्ट्रैटेजिक करियर गाइडेंस 2.0**

**तिथि**: 28 मार्च, 2025

**वक्ता :** श्री ध्रुव गोयल – संस्थापक, ट्राइकोर रेवेन्यू,

सुश्री सान्या जैन – स्कॉलर एवं मोटिवेशनल स्पीकर

**"स्ट्रैटेजिक करियर गाइडेंस 2.0"** शीर्षक से एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया ताकि स्नातक छात्र करियर के अवसरों को समझ सकें और अपने व्यावसायिक जीवन के लिए उचित निर्णय ले सकें। **सुश्री सान्या जैन** ने CUET

PG और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े अपने अनुभव साझा किए तथा कॉलेज जीवन में समर्पण और संतुलन के महत्व पर बल दिया। **श्री ध्रुव गोयल** ने अपने उद्यमशील सफर, नेतृत्व, नवाचार और कौशल विकास से संबंधित विचार साझा किए। सत्र के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर दौर ने छात्रों को अपने करियर की दिशा में विचारशील और योजनाबद्ध दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

❖ **विभागीय पत्रिका** – "कॉन्टिनुअम 2025"

**प्रकाशन तिथि:** 11 अप्रैल, 2025

गणित विभाग ने गर्वपूर्वक अपनी वार्षिक पत्रिका **"कॉन्टिनुअम 2025"** जारी की। यह पत्रिका छात्रों और शिक्षकों के लिए एक रचनात्मक एवं बौद्धिक मंच के रूप में कार्य करती है जहाँ वे लेख, पहेलियाँ, कविताएँ और कार्यक्रम प्रतिवेदन के माध्यम से गणित के प्रति अपने जुनून को प्रदर्शित कर सकते हैं। यह पत्रिका विभाग की जीवंत शैक्षणिक भावना को दर्शाती है और विद्वतापूर्ण एवं कलात्मक उत्कृष्टता का उत्सव मनाती है। "कॉन्टिनुअम 2025" में गणितीय अवधारणाओं, वास्तविक जीवन के अनुप्रयोगों और अंतर्विषयक संबंधों पर विचारोत्तेजक लेख शामिल हैं। यह पत्रिका संपादकीय टीम, संकाय मार्गदर्शकों और योगदानकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

❖ **वार्षिक गणित उत्सव** – "मॉड्यूलस'25"

**तिथि:** 11 अप्रैल, 2025

गणित विभाग ने संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में और विभिन्न विषयों के छात्रों की सक्रिय भागीदारी के साथ वार्षिक उत्सव **"मॉड्यूलस'25"** का सफल आयोजन किया। इस उत्सव का उद्देश्य गणितीय सोच को रचनात्मकता, मनोरंजन और टीमवर्क के साथ जोड़ना था, जिससे छात्रों को गणित के हल्के और अनुप्रयुक्त पहलुओं को जानने का अवसर मिला। कार्यक्रम में पाँच रोचक प्रतियोगिताएँ और खेल आयोजित किए गए, जो प्रतिभागियों की तार्किक क्षमता, समस्या समाधान कौशल, संवाद कौशल और रणनीतिक सोच की परीक्षा लेने के लिए तैयार किए गए थे।

- **क्विज़ बकर्स –** इंटरैक्टिव क्विज़ राउंड्स के माध्यम से गणितीय और सामान्य ज्ञान की परीक्षा।
- **आईपीएल ऑक्शन** – खेल आधारित सेटअप में रणनीति और डेटा विश्लेषण का अनुभव।
- **शार्क टैंक –** प्रतिभागियों ने अपने नवीन गणितीय विचार प्रस्तुत कर उद्यमशील सोच को प्रोत्साहित किया।
- **ट्रेज़र हंट –** पहेलियों और टीमवर्क को मिलाकर रोमांचक खोज प्रतियोगिता।
- **क्वांटम ड्रॉ –** कला और गणित के संयोजन से सृजनात्मक डिजाइन प्रतियोगिता।